प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

01. केन्द्र सरकार ने जनगणना दो हजार सत्ताईस के लिए ग्यारह हजार सात सौ अठारह करोड़ रुपये के बजट को दी मंजूरी।

02. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक भूदेव सरकार ने कहा– पटना हवाई अड्डे से सोलह दिसम्बर से विमानों का परिचालन हो जायेगा सामान्य।

03. ईओयू ने पाटलिपुत्रा सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक के विकास पदाधिकारी भावेश कुमार सिंह के छह ठिकानों पर की छापेमारी।

04. और, बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने यूथ क्रिकेट के वन–डे मैच में एक पारी में सबसे अधिक चौदह छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

———————————————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना दो हजार सत्ताईस के लिए ग्यारह हजार सात सौ अठारह करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी। यह देश की सोलहवीं और आजादी के बाद से आठवीं जनगणना होगी और इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगी।

———बाइट———

श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। एंड्रॉइड और आई ओ एस दोनों मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना कार्य में तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगा।

———बाइट———

———————————————————

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक भूदेव सरकार ने कहा है कि सोलह दिसम्बर से पटना हवाई अड्डे से विमानों का परिचालन सामान्य हो जायेगा। पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में श्री सरकार ने कहा कि इंडिगो उड़ान संकट से उत्पन्न स्थिति अब धीरे–धीरे सामान्य हो रही है।

———बाईट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नवादा जिले के रजौली के चिरैला गांव स्थित बियाडा के निर्माणाधीन औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने रजौली के

फुलवरिया में बन रहे फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से संवाद कर उनके रोजगार के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित थे।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज पटना में भूमि सुधार जनकल्याण संवाद अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य भूमि से जुड़ी सभी सेवाओं को पारदर्शी, आसान और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। श्री सिन्हा कहा कि यह संवाद कार्यक्रम अगले सौ दिनों तक राज्य के हरेक जिले में आयोजित किया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पिछले दस वर्ष में देश में फसल उत्पादन में चौवालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी।

———बाईट———

मुझे यह बताते हुए खुशी है कि 2014 के बाद 2024 तक 44 परसेंट उत्पादन बढा है जो अपने आप में एक रिकार्ड है और वो उत्पादन के लिए नई बीज, नई टैक्नॉलिजी, नई कृषि पद्धति सबका उपयोग हो रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि सरकार किसानों को दो लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान कर रही है। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है।

———बाईट———

अकेले फर्टिलाइजर सब्सिडरी लगभग दो लाख करोड मोदी सरकार दे रही है किसानों को। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि छोटे किसानों के लिए वरदान बन गई है। लगभग चार लाख नौ हजार करोड रूपया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों के खातों में अन्तर्रित किया गया है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें दो को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राजीव रौशन को नवगठित उच्च शिक्षा विभाग का पहला सचिव बनाया गया है। युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग के पहले सचिव के तौर पर कौशल किशोर को जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं,

नागर विमानन विभाग के विशेष सचिव के रूप में निलेश रामचंद्र देवरे की नियुक्ति की गयी है।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने आज पाटलिपुत्रा सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक के विकास पदाधिकारी भावेश कुमार सिंह के पटना और गोपालगंज स्थित छह ठिकानों पर छापेमारी की। ईओयू के डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि बिहटा स्थित उनके राईस मिल से चालीस लाख रुपये, लाखों रूपये मूल्य के आभूषण और जमीन तथा निवेश के कई दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

———बाईट———

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थापित डाटा इंट्री ऑपरेटर चंदन कुमार शर्मा को चौदह हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी एक शिक्षक से वेतन निर्धारण करने के एवज में घूस ले रहा था।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का आज लातूर में निधन हो गया। वे इक्यानवे वर्ष के थे। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में शिवराज पाटिल ने लोकसभा अध्यक्ष और केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। लोकसभा में शिवराज पाटिल को श्रद्धांजलि दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिवराज पाटिल के निधन की जानकारी दी।

———बाईट———

श्री पाटिल जी ने केंद्र सरकार में गृह मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। उन्होंने अनेक संसदीय समितियों के सभापति तथा सदस्य के रूप में भी अपना कार्य किया। उन्होंने पंजाब और राजस्थान राज्यों के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी। श्री पाटिल जी दो कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य रहे। वे महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी रहे। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य के मंत्री परिषद के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं।

इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिवराज पाटिल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

———————————————————————

बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने यूथ क्रिकेट के वन–डे मैच में एक पारी में सबसे अधिक चौदह छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी माइकल हिल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने एक पारी में बारह छक्के लगाये थे। आज एशिया कप अंडर नाइनटिन क्रिकेट में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेले गये मैच में वैभव सूर्यवंशी ने चौदह छक्कों और नौ चौकों की मदद से एक सौ इकहत्तर रन की शतकीय पारी खेली।

————————————————————————

बोधगया में आयोजित बीसवां अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक जाप समारोह आज सम्पन्न हो गया। समापन समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां शामिल हुये। श्री खां ने कहा कि भगवान बुद्ध का दर्शन आज के संदर्भ में और अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने लोगों से भगवान बुद्ध के दिखाए रास्ते पर चलने की अपील की। भारत में पहली बार इस समारोह का आयोजन हुआ था।

————————————————————————

बिहार सरस मेले की आज से पटना के गांधी मैदान में शुरूआत हुई। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मेले का विधिवत उद्घाटन किया। यह मेला अट्ठाईस दिसम्बर तक चलेगा। मेले में पच्चीस राज्यों की आजीविका समूह से जुड़ी महिलाएं भाग ले रही हैं। मेले में हस्तशिल्प, लोककला और देसी व्यंजनों के पांच सौ से अधिक प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल लगाये गये हैं।

————————————————————————

बेगूसराय में स्पिक मेके की ओर से संतूर वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध संतूर वादक पंडित तरुण भट्टाचार्य ने राग परमेश्वरी की प्रस्तुति दी।

————————————————————————

सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने मीडिया में आ रही उन खबरों को खंडन किया है कि जिसमें कहा जा रहा है कि जिले में एचआईवी मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। जिलाधिकारी रिची पांडेय ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जिले में वर्ष दो हजार पांच से लेकर अब तक छह हजार नौ सौ एचआईवी संक्रमितों की पहचान हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के अक्टूबर माह तक जिले में केवल दो सौ एचआईवी संक्रमितों की ही पहचान हुई है।

———बाईट———

इधर, बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी की तीन सदस्यीय टीम ने जिले का दौरा कर एचआईवी संक्रमण की स्थिति की समीक्षा की।

———————————————————————————

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———————————————————————————

उर्दू के विकास के लिए आज पटना में उर्दू परामर्शदातृ समिति की बैठक हुई। बैठक के बाद समिति के सदस्य प्रोफेसर फिरोज मंसूरी ने बताया कि बिहार की दूसरी राजकीय भाषा उर्दू के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए हरेक जिले में उर्दू बेदारी कांफ्रेंस का आयोजन किया जायेगा। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा।

———————————————————————————

पटना के बेऊर थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध रूप से बालू की मंडी चलाने की शिकायत मिलने पर छापेमारी कर नौ ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किया है। इस मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र स्थित एक मंदिर के पास से पुलिस ने दो सौ छह ग्राम मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केन्द्र सरकार ने जनगणना दो हजार सत्ताईस के लिए ग्यारह हजार सात सौ अठारह करोड़ रुपये के बजट को दी मंजूरी।

02. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक भूदेव सरकार ने कहा– पटना हवाई अड्डे से सोलह दिसम्बर से विमानों का परिचालन हो जायेगा सामान्य।

03. ईओयू ने पाटलिपुत्रा सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक के विकास पदाधिकारी भावेश कुमार सिंह के छह ठिकानों पर की छापेमारी।

04. और, बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने यूथ क्रिकेट के वन–डे मैच में एक पारी में सबसे अधिक चौदह छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।